तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 डॉ. आंबेडकर संविधान निर्माता के साथ सामाजिक न्याय..

12 सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए शिक्षा...


## खबर संक्षेप

### सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** आधार और बायोमैट्रिक को तीन बार लाइव करने का झांसा देकर फर्जी सिम बनाकर दूसरे को बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक के खिलाफ धारा 420, 419, टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3)(ए) के तहत जूर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर केम्प 1 निवासी लक्ष्मी चौहान 6 जून 2024 की शाम सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के व्यक्ति ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से सिम नंबर दूसरे को जारी किया। पीड़ित से जानकारी लिए बगैर सिम को बेचकर ठगी किया। युवक ने आधार कार्ड की फोटो ठीक से नहीं आने का झांसा देकर तीन बार लाइव फोटो, बायोमेट्रिक थम लिया था। साइबर पुलिस से पता चला कि आधार कार्ड से दो अन्य सिम नंबर जारी हुआ है। जिसे पीड़िता ने नहीं खरीदा है। सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक द्वारा प्रोसेस ठीक से नहीं होने की जानकारी देकर घटना को अंजाम दिया है।

### चाकू से हमला करने वाले आए पकड़ में

**भिलाई।** चाकूबाजी कर एक युवक को गंभीर रुप से घायल कर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने शिनाख्त कर हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि गौतम नगर निवासी संदीप बघेल अपने दोस्तों के साथ खडा हुआ था। इस दौरान अचानक तीन युवक पहुंचे और संदीप से बातचीत करने लगे। इतने में उक्त युवकों ने संदीप के साथ गाली गलौज कर एक युवक जेब से चाकू निकाल कर संदीप पर हमला कर फरार हो गया। संदीप के साथ खडे उसके दोस्तों ने हमला करने वाले युवक का चाकू मारने वाले को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बाद संदीप को तुरंत शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार ट्रक ने साइकल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकल सवार की मौक पर मौत हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ट्रक सीजी 04-एचएस 5989 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए सायकल सवार पुरानी बस्ती कोहका निवासी गौतम साहू 50 वर्ष को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अवंती बाई चौक कोहका के पास की है। मृतक बीएसपी में प्राइवेट काम करता है।

### कार्रवाई : नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोहत्रा में हुई हत्या

# आपसी विवाद में युवक ने खोया आपा आधी रात पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोहत्रा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने आपसी विवाद के चलते अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दोहत्रा निवासी प्रमोद कुर्रे (32 वर्ष) शराब का आदी है और अक्सर पत्नी ममता कुर्रे से आपसी विवाद करता रहता था। 13 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे उसने परिवार के साथ खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया। रात करीब 2:30 बजे उसकी मां जानकी बाई बाथरूम जाने के लिए उठी तो देखा कि प्रमोद के कमरे का दरवाजा खुला है और अंदर लाइट जल रही है। कमरे में जाकर देखा तो बहू ममता बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी और उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

#### फिर हत्या का कारण बनी शराब



#### मृतका के बेटे ने दादी को दी जानकारी

घटना के संबंध में मृतका के बेटे ने बताया कि उसके पिता प्रमोद ने लोहे की रॉड से उसकी मां के सिर पर कई बार वार किया और फिर रॉड लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी प्रमोद को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।

#### आरोपी ने स्वीकार किया अपराध, गिरफ्तार

आरोपी से पूछताछ में उसने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आपसी बातों को लेकर उसने ममता के सिर और चेहरे पर लोहे की रॉड से चार बार वार कर उसकी हत्या की। हत्या में प्रयुक्त रॉड को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। इस पूरी कार्यवाही में एसडीओपी मनोज तिर्की, थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव, चौकी प्रभारी जितेन्द्र कश्यप सहित थाना मारो और सरगांव पुलिस की अहम भूमिका रही।

# बेरला सचिव संघ ने धरनास्थल पर मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेरला के सचिव संघ द्वारा हड़ताल स्थल गौठान चौक, बेरला में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हड़ताली सचिव उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान सचिव संघ ने राज्य सरकार से अपनी एकमात्र मांग /"शासकीयकरण/" को शीघ्र पूरा करने की अपील की, जिससे सभी सचिव पुनः अपने कार्यस्थलों पर लौट सकें। सचिवों ने कहा कि राज्य सरकार ने संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आने के बावजूद, अपने संकल्प पत्र और /"मोदी की गारंटी/" में किए गए वादों को अब तक अमल में नहीं लाया है। इस अवसर पर सचिव संघ के अध्यक्ष केहर सिंह साहू सहित श्याम लाल साहू, चन्द्र कुमार डेहरे, अशोक गायकवाड़, कमलेश देशलहरा, शिव देशलहरा, गजानंद वर्मा, संतोष दिवाकर, लेखन राम, पवन विश्वकर्मा, स्वरूपानंद वर्मा, संतोष मरकाम, सनत डेहरे, रामानंद साहू, जीवन साहू, पंचराम निषाद, पतिराम साहू, और अन्य कई सचिवगण उपस्थित थे।

सभी ने एक स्वर में सरकार से आग्रह किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

# नवागढ़ में जल संकट के समाधान के लिए किया गया वरुण इंद्र यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर स्थित ऐतिहासिक श्री रामकृष्ण मंदिर में रविवार को पर्जन्य वरुण इंद्र

- नगर स्थित ऐतिहासिक श्री रामकृष्ण मंदिर में रविवार को हुआ आयोजन
- कार्यक्रम के प्रारंभ में महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

यज्ञ की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर श्री रामकृष्ण मंदिर से मां महामाया मंदिर स्थित मानाबंद तालाब तक पहुंचीं, जल एकत्रित किया और पुनः यज्ञ स्थल तक लौट आईं।

इस धार्मिक आयोजन में महंत सुरेंद्र दास, आचार्य रविंद्र शर्मा, हरि भजन सिंह, शिव किरण पाठक, मिंटू बिसेन, भुवनेश्वरी वर्मा, खेलन यादव, लक्ष्मीचंद जैन, बबलू ताम्रकार, विनोद मिश्रा, रामनरायण पाठक, बसंत विश्वकर्मा, तुलसी चौहान सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को भी जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर विशेष रूप से भगवान इंद्र और वरुण की पूजा की, ताकि वर्षा और समृद्धि की कामना की जा सके। आयोजन में नगर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु और महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुईं, जिन्होंने इस धार्मिक यात्रा को और भी भव्य बनाया। यज्ञ की यह विधि अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें भक्तगण अपनी आस्थाओं के साथ हिस्सा लेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर में जल संकट की स्थिति को देखते हुए इस यज्ञ का आयोजन विशेष महत्व रखता है। आयोजन समिति और नागरिकों ने मिलकर जल संरक्षण के उपायों पर विचार किया है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। आचार्य रविंद्र शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्षा की कामना और जल संकट से निपटने के लिए देवताओं की विशेष पूजा अर्चना करना है।

# एफएनएल कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पहुंचे 23 शिक्षक

**बेमेतरा।** बच्चों की बुनियादी भाषा और गणितीय दक्षता को मजबूत करने के उद्देश्य से एससीईआरटी रायपुर द्वारा एफएनएल कार्यक्रम के तहत आयोजित आकलन परीक्षा में बेमेतरा जिले के 23 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने द्वितीय चरण में स्थान बनाया है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार हेतु आयोजित इस परीक्षा में जिले के चारों विकासखंड बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ से कुल 81 शिक्षकों ने पंजीयन कर भाग लिया। इनका ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से



आकलन किया गया, जिसमें से 23 शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ। यदि चयनित शिक्षक मापदंडों पर खरे उतरते हैं, तो उन्हें आगामी 26 अप्रैल को 'एफएनएल वारियर्स शिक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाएगा। डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने बताया कि यह पहल जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिक्षकों ने इस चुनौती को न केवल स्वीकार किया, बल्कि उत्कृष्ट रूप से निभाया भी।

# राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष बने डिंडोरे



**बेमेतरा।** राजस्व पटवारी संघ जिला शाखा बेमेतरा का निर्वाचन सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर, बेमेतरा में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से आए सभी पटवारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश चंद्राकर एवं जिला कबीरधाम से पर्यवेक्षक के रूप में पधारे दिनेश यादव की निगरानी में हुआ। निर्वाचन परिणामों के अनुसार, निर्जल कुमार डिंडोरे को जिला अध्यक्ष, शैलेंद्र जायसवाल को जिला सचिव, एवं महेंद्र कुमार साहू को जिला कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पटवारी संघ के सदस्यों द्वारा शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दी गईं। संघ की ओर से जानकारी दी गई कि निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शीघ्र आयोजित किया जाएगा, जिसके उपरांत जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की जाएगी।

# कर्मयोगी ऐप कर्मचारियों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण का प्रभावी मंच है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 13 अप्रैल को आईजीओटी कर्मयोगी ऐप के उपयोग पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

- आईजीओटी कर्मयोगी ऐप पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

इस कार्यशाला में जिले के राजपत्रित अधिकारी और थाना व चौकी प्रभारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया कि कर्मयोगी ऐप सरकारी कर्मचारियों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए एक प्रभावी मंच है। ऐप के माध्यम से कर्मचारियों को सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। कार्यशाला में बताया गया कि कर्मयोगी ऐप को रजिस्टर करने के लिए एक वैध सरकारी



ईमेल आईडी और अन्य व्यक्तिगत जानकारी की आवश्यकता होती है। रजिस्ट्रेशन के बाद, कर्मचारी ऐप पर उपलब्ध विभिन्न प्रशिक्षण मॉड्यूल और नवीनतम कानूनों से संबंधित वीडियो व पीडीएफ सामग्री का अध्ययन कर सकते हैं, और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद कर्मयोगी सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। कर्मयोगी ऐप सरकारी कर्मचारियों को उनकी भूमिकाओं के लिए तैयार करने और उनके करियर विकास में मदद करता है। इसे विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, और थाना व चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, दुलेश्वर चंद्रवंशी, कृष्णकांत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### सरपंच सौरभ का सम्मान

**पटेवा।** तहसील साहू संघ खैरागढ़ द्वारा आयोजित कर्मा जयंती एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह में सबसे कम उम्र के सरपंच सौरभ कुमार साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, घम्मन साहू ,विप्लव साहू शामिल हुए।

### भीषम ठाकुर बने पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष

**कलकसा।** पटवारी संघ क जिला अध्यक्ष का चुनाव गत दिनों सतनाम भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव एवं लखनलाल सोरी के निर्देशन में निर्वाचन कार्यवाही पूरा किया गया। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कांडे एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष छुरिया डेविड भुआर्य ने पर्चा दाखिल किया। त्रिकोणीय मुकाबला में भीषम ठाकुर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेंद्र कांडे को 32 मतों से पराजित किया। परिणाम घोषित होने के बाद राजू श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, पुरुषोत्तम नेताम, प्रशांत ठाकुर, नीरज श्रीवास्तव, कमलेश जुरेसिया, हेमंत वर्मा ने बधाई दिया है।

### परीक्षा परिणाम हुए घोषित

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 9वीं का 61, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय 93.54, गणित संकाय 100, कृषि संकाय 99, वाणिज्य संकाय 100, एवं कला का परिणाम 65 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं में प्रथम युवराज निर्मलकर, द्वितीय लिकेश्वरी, तृतीय जिया वर्मा, लवली साहू, कक्षा11 वीं विज्ञान संकाय में प्रथम लिशा साहू, द्वितीय प्रेरणा, गणित संकाय में प्रथम हर्ष देवांगन, द्वितीय भेषमणी साहू, कृषि संकाय में प्रथम थानेश्वरी साहू, द्वितीय चांदनी सेन, वाणिज्य संकाय में प्रथम तन्नू साहू, द्वितीय स्नेहा साहू, कला संकाय में प्रथम आर्यन साहू, द्वितीय रोशनी यादव रहे। परिणामों की घोषणा प्राचार्य एचके साहू ने किया। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष राकेशकुमार साहू, सदस्य, पालक, शिक्षक मौजूद थे।

### मौसम में आया बदलाव

**सड़क अतरिया।** तेज गर्मी के बीच रविवार शाम को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने मिला। शाम 5 बजे के आसपास आकाश में काले बादल छा गए और तेज हवा ख्लने लगी थी। कुछ स्थानों में बूंदा बांदी होने की खबर है। वर्तमान में क्षेत्र की सोसायटी से धान का उठाव होना शेष है। बारिश होने पर धान भीगने का डर बना है। दूसरी तरफ कृषक तीसरे फसल के रूप में मूंग की बोआई किया है जिसके लिए मध्यम वर्षा फायदेमंद है। मौसम में आए बदलाव के बाद तापमान कम हुआ है पर बादल छाए रहने से उमस महसूस हो रही है।

### कांग्रेस का धरना आज

**डोंगरगढ़।** बढ़ते वारदात एवं अवैध शराब बिक्री जैसे घटना लगातार बढ रहे और सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। करवारी में अवैध बॉटलिंग का काम हो रहा था। जिसके मुख्य गुनहगार को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा 15 अप्रैल को प्रदर्शन किया जाएगा।

**आयोजन : सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई डॉ आंबेडकर की जयंती**

# डॉ. आंबेडकर संविधान निर्माता के साथ सामाजिक न्याय, समानता व अधिकारों के प्रतीक भी हैं : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतर

■ जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक ईश्वर

जिले में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक साजा ईश्वर साहू सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, अजय साहू, राजेन्द्र शर्मा, अनेक सरपंच, जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाज प्रमुख तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रतीक भी हैं।


उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अस्त्र बनाने और डॉ. आंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। हमें उनके सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज में समानता और समरसता लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। उन्होंने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो लोकतंत्र, समानता और न्याय की नींव रखता है।




### मोर दुआर साय सरकार के संबंध में जानकारी देने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने सरपंचों को शुभकामनाएं देते हुए 'मोर दुआर साय सरकार' विशेष पखवाड़ा (15-30 अप्रैल) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की जानकारी लोगों तक पहुँचाने का अनुरोध किया। साथ ही भूजल संरक्षण के लिए जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल ने प्रस्तुत किया और आभार प्रदर्शन एसडीएम प्रकाश भारद्वाज ने किया।

## पंचायत सचिवों ने धरना स्थल पर मनाई डॉ आंबेडकर की जयंती



**साजा।** विकासखंड साजा के सभी पंचायत सचिव लगातार 27 दिन से धरने पर बैठे हैं। जनपद कार्यालय के बाहर पंडाल लगा कर बैठे सचिवों ने आंबेडकर जयंती पर उनके तैलचित्र के सामने पूजा अर्चना कर उनको नमन किया। पंचायत सचिव अपनी एक सूत्री मांग को लेकर सरकार से आग्रह कर रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को मोदी की गारंटी में शामिल किया गया था। सरकार के डेढ़ साल का कार्यकाल हो जाने के बावजूद अब तक सरकार का इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष नीलकमल साहू, टीकम चन्द वर्मा, तनसिंह राजपूत, संभू साहू, योगेश डोंडे, कोमल वर्मा, प्रेम पटेल, दुर्गा वर्मा, करण साहू, अञ्जनी साहू, हिरौंदी ठाकुर सहित समस्त सचिव धरने पर बैठे हुए हैं।


## ब्लाक कांग्रेस ने मनाई डॉ आंबेडकर की जयंती

**बेमेतरा।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पिकरी वार्ड क्रमांक 1 में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने उनके विचारों और संघर्षों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूली बच्चों को अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर समानता और ज्ञान के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना एक शिक्षित, समतामूलक समाज का निर्माण करना था। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसे देशवासी कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कार्यक्रम को टीआर जनार्दन, शकुंतला मंगत साहू, मनोज शर्मा, ठाकुर प्रसाद जोशी, डिंडोरे, रीता पांडे और अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया। संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने किया। इस मौके पर ललित विश्वकर्मा, रश्मि मिश्रा, राजू साहू, गोलू साहू, प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मी डेहरे, रोमन वर्मा, पप्पू साहेब, योगिता साहू, हेमीन यादव, श्रीराम यदु सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।



## महिलाओं के अधिकारों को मुख्यधारा में लाने की पहल की थी बाबा साहब ने



**बेमेतरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर बालसमुंद ग्राम पंचायत में प्रेरणादायक एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सरपंच संजय जोशी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी उपस्थित थे।

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को अधिकारों की मुख्यधारा में लाने की पहल की थी। हमें उनके विचारों को केवल जयंती तक सीमित न रखकर, अपने दैनिक व्यवहार और नीति निर्माण में उतारना चाहिए। संजय जोशी ने कहा कि संविधान की रक्षा केवल अदालतों का कार्य नहीं, यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब गांव का युवा और महिला संविधान को समझेंगी, तभी सच्ची स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय साकार होगा। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कि आंबेडकर केवल एक वर्ग के नेता नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारत के आत्मबल का प्रतीक हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अकलवारा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत अकलवारा में भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में ग्राम की सुप्रसिद्ध रामधुनी मंडली के साथ-साथ बालिकाएं एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

यह शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम की गलियों से होते हुए तालाब तक पहुंची, जहां से जल लेकर पुनः मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। पूजा-अर्चना ग्राम के पंडित अश्वनी कुमार तिवारी द्वारा विधिपूर्वक संपन्न की गई। इस अवसर पर शिवकुमार सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी देवकी सिन्हा सहित रामधुनी मंडली के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आयोजन में विशेष रूप से सरपंच विजय कुमार साहू, विश्वनाथ साहू, संतोष कुमार साहू, कमलनारायण साहू, दुकलहा सिन्हा, अमरीका साहू, आनन्द साहू, तुका राम साहू, गुनीराम साहू, कामता साहू, भूपत साहू, राजेश सेन, ध्रुव साहू, नंदकुमार साहू, चोखेलाल साहू, दूजराम निषाद, मोती साहू, अश्वनी सिन्हा, भागवत सिन्हा, ओंकार साहू सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

## प्रधान पाठिका की अपील पर शाला की सुरक्षा के लिए आगे आए लोग

**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल के प्रयासों से ग्रामीणों को एकत्रित किया गया और जनसंघ समुदाय का निर्माण किया। प्रधान पाठिका ने स्कूल की खराब स्थिति एवं अव्यवस्थाओं से सरपंच, पंच और ग्रामीण जनसंघ समुदाय को परिचित कराया। प्रधान पाठिका ने शाला की सुरक्षा के लिए तार जाली एवं लोहे के गेट की व्यवस्था हेतु ग्रामीणों से सहयोग राशि की अपील की। प्रधान पाठिका की अपील से प्रभावित होकर ग्रामीण यथाशक्ति सहयोग करने के लिए आगे आए। पूर्व सरपंच और वर्तमान पंच प्रकाश गायकवाड़ ने स्कूल के चारों ओर घेरा बनाने के लिए तार जाली और लोहे का एंगल दिया, जबकि प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल, स्कूल के शिक्षक डांगेंद्र निषाद, प्रदीप ठाकुर, ग्राम पटेल उत्तम गुप्ता, पंच दशमत धुर्वे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विद्यार्थियों के पालक और अन्य ग्रामीणजनों ने लोहे के गेट के लिए सहयोग दिया। शाला की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में ग्राम पटेल उत्तम गुप्ता, प्रकाश गायकवाड़, संतोष गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार कुर्रे, पूजा कुर्रे और अन्य ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी शाला के विकास हेतु इसी प्रकार के सहयोग की आशा जताई। इस सामुदायिक प्रयासों से शाला की सुरक्षा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला। सभी लोगों ने प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल के प्रयासों की सराहना की।



■ शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में शिक्षकों व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया घेरा



## बोरसी तथा कोशपातर (बारगांव) में हुआ जसगीत, झांकी और लोक कला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत बोरसी तथा कोशपातर (बारगांव) में जय मां महामाया जस झांकी मंडली समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय विराट देवी जस गीत झांकी एवं श्रीराम कथा मानस गान कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि जसगीत, झांकी और लोक कला महोत्सव हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं। यह न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम है, बल्कि गांव में भाईचारे और एकता को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष, जनपद पंचायत बेरला, शुभम वर्मा उपाध्यक्ष, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, विजय पारख, तखत साहू, चंद्रप्रकाश साहू अध्यक्ष, नगर पंचायत कुसमी, ललित विश्वकर्मा, चंदू यादव, रवि साहू, हेमंत वर्मा सरपंच, बोरसी, मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा, कृष्णा चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्यजन एवं भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा ने समाज के जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान



**बेमेतरा।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ 1282, रहटादाह का 61वां वार्षिक महाधिवेशन 12 व 13 अप्रैल को दुर्ग में हुआ। महाअधिवेशन में हाल ही संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में समाज के प्रतिनिधियों की जीत पर उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह तथा दुर्ग सांसद विजय बघेल शामिल हुए। समाज के जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य प्रीतम अंजनी सिंह चंदेल, भाजपा बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत एवं जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत प्रमुख रहे। उन्हें मंच पर माल्यार्पण व शॉल-श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीरज सिंह राजपूत ने कहा कि समाज आज नई दिशा में अग्रसर है। युवा वर्ग नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है और हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय पदाधिकारियों और आयोजन समिति का आभार जताया।

**विधानसभा क्षेत्र के गांवों में मना जस झांकी महोत्सव**

# जस झांकी महोत्सव से समाज में आस्था और एकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, जैसे गुधेली, हरदी, बोरसी, उफरा, खुड़मुड़ी और कुम्ही में आयोजित जस झांकी महोत्सव, मानसगान और गायन प्रतियोगिता ने एक बार फिर यह साबित किया कि हमारी लोक संस्कृति और आस्था की जड़ें कितनी गहरी और जीवंत हैं। इस आयोजन में हजारों ग्रामवासी और श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने भक्ति, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, जनपद सदस्य सीमा टिकरिहा, ग्रामवासी और क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। जब लोग एक साथ एकत्र होकर लोक गीत, झांकियां और भक्ति संगीत प्रस्तुत करते हैं, तो हमारी संस्कृति और परंपराएं और भी सशक्त होती हैं। यह आयोजन न केवल हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है, बल्कि समाज में एकता, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है, जो सीधे जनता को लाभ पहुंचा रही हैं। विधायक साहू ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्का मकान बनाने में सहायता मिल रही है और आयुष्मान भारत योजना से प्रति परिवार 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा पीएम मुद्रा योजना के तहत छोटे व्यापारियों और स्वरोज़गार को बिना गारंटी के ऋण मिल रहा है।

विधायक साहू ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, खासकर मजदूरों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

